मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# MTT–054

## अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

## (पी. जी. डी. टी.) (संशोधित)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## एम.टी.टी.–054 : प्रशासनिक एवं वाणिज्यिक अनुवाद

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** (i) *भाग–I में से कुल* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या* ***5*** *अनिवार्य है।*

(ii) *भाग–II में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### भाग—I

**नोट :** *प्रश्न संख्या 1–4 तक से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***750*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रश्न संख्या* ***5*** *अनिवार्य है।*

1. प्रशासनिक अनुवाद संबंधी सामान्य भूलों और उनके संभावित समाधानों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 20

2. “टिप्पण-प्रारूपण और अनुवाद” पर निबंध लिखिए। 20

3. भारतीय संसद के लिए किए गए भाषा संबंधी सांविधानिक-वैधानिक प्रावधानों की चर्चा करते हुए संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषाओं और उसमें अनुवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 20

4. विधि अनुवाद की भाषिक विशेषताओं का उपयुक्त उदाहरणों के साथ वर्णन कीजिए। 20

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 10

(क) ज्ञापन और कार्यालय ज्ञापन

(ख) बैंकों में हिंदी प्रयोग और अनुवाद

## भाग—II

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5

(a) Cost review

(b) Leadership quality

(c) Group Insurance

(d) Republic Day

(e) Telecommunication

(f) Unofficial sources

(g) Appellate Controller

(h) Entertainment Tax Officer

(i) Honorary Secretary

(j) Air Force Station

(k) Department of Fertilizers

(l) International Energy Agency

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5

(a) Noted for future guidance

(b) In order of preference

(c) Make interim arrangements

(d) Reminder may be sent

(e) Your request is granted

(f) Secret instructions have been issued

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5×2=10

(a) Copy forwarded to all departments of the Secretariat for information and necessary action.

(b) This is an easier and more convenient way of propagating government policies amongst people of the country.

(c) The above interpretation is for future guidance and will not apply to closed cases, if any.

(d) Leave salary calculation/Lay Pay Certificate not attached with the bill.

(e) In exceptional circumstances, the Head of the Department may authorize a change in declared Home town, only once during the entire service.

(f) Minutes of the last meeting of the Establishment Committee were circulated to the members of the committee for confirmation.

(g) Bill does not indicate the particulars of the letter sanctioning the post.

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 15

Competition regulatory authority - CCI has approved the merger between Reliance Industries Limited (RIL) and Walt Disney India's media assets, with certain voluntary modifications. The Competition Commission of India (CCI) approval takes the two players a step closer in creating an 8.5 billion dollar entertainment power-house, which will compete with Amazon, Netflix and Sony Pictures Networks. Both

companies have agreed to divest some television channels from their portfolios as well as committed to advertising price caps for streamed cricket matches for the CCI approval to come into effect.

The regulator had expressed concerns about the merger hurting competition in India's media and entertainment sector as Reliance-Disney will have monopoly over cricket broadcast rights, which could result in them jacking up advertisement rates. Cricket has a fanatical following in India and outside of it, and broadcast rights of cricket tournaments hold a significant commercial value, running into billions of dollars. The competition regulator's approval comes a day before RIL conducts its Annual General Meeting.

10. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 15

दिल्ली का लगभग एक–तिहाई क्षेत्रफल गाड़ियों के आवागमन और पार्किंग में इस्तेमाल हो रहा है, जो देश के किसी भी दूसरे शहर से ज्यादा है। अगर हमें लगता है कि सड़कों को और ज्यादा चौड़ा करने पर यह समस्या हल हो जाएगी, तो यह बड़ी गलतफहमी होगी। सड़क की चौडाई बढ़ाकर हम निजी वाहनों की संख्या बढ़ाने की स्थितियाँ बना देते हैं, समस्या हल नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा, दिल्ली में नित नए फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। लेकिन, फ्लाईओवर बनाना समस्या का समाधान न होकर उसे स्थानांतरित करने जैसा है। हो सकता है कि इससे कुछ समय के लिए राहत मिले, लेकिन यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है।

इसका कोई समाधान है तो वह है – सार्वजनिक परिवहन और साइकिल जैसे गैर–मोटरचालित वाहनों को बढ़ावा देना। अभी सार्वजनिक वाहन का उपयोग ज्यादातर वे लोग करते हैं

जिनके पास निजी वाहन नहीं हैं। इसके अलावा, अपना खुद का वाहन होने के बावजूद लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग तब करते हैं जब उन्हें कहीं ज्यादा दूर जाना होता है, क्योंकि कार चलाकर जाना उन्हें ज्यादा मुश्किल लगता है। सार्वजनिक परिवहन और उपयुक्त साइकलिंग व्यवस्था बनाने के लिए अच्छी मूलभूत सुविधाएँ विकसित करने की जरूरत है। वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक परिवहन और गैर–मोटरचालित वाहन के अलावा, बढ़ते हुए प्रदूषण का कोई भी समाधान अस्थायी ही होगा।

× × × × ×